भारतीय खेल प्राधिकरण
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्तशासी निकाय
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, पूर्वी द्वार, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110 003
ई मेल पता: directorfinance.sai@gmail.com दूरभाष : 24368387

सूचना

1.सावधि जमा में 79.77 करोड़ रूपए और 85.00 करोड़ रूपए के दो अलग-अलग निवेशों के लिए भारतीय स्टेट बैंक और उनकी सहायक कंपनियों और / या अनुसूचित/राष्ट्रीयकृत बैंकों से कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इसे दिल्ली में स्थित शाखाओं में जमा किया जाएगा। यदि, एक से अधिक कोटेशन प्राप्त होती है तो उक्त बैंक को अयोग्य घोषित किया जाएगा। ब्याज की दर एक/दो/तीन और अधिक वर्षों के लिए उद्धृत की जा सकती हैं। भा.खे.प्रा. को सावधि जमा की मात्रा और अवधि तय करने का अधिकार है।

2.तकनीकी शर्तें:

क) बैंकों का न्यूनतम निवल धन 31-03-2021 तक कम से कम 1000 करोड़ रुपए होना चाहिए।
ख) पूंजी पर्याप्तता अनुमान 31-03-2021 तक कम से कम 10.5 % होना चाहिए।
ग) बैंक की शाखा दिल्ली में होनी चाहिए।
घ) समापन तिथि तक बैंक कम से कम 5 वर्ष पुराना होना चाहिए।
च) मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए सकल एनपीए अनुपात 5% से अधिक नहीं होना चाहिए।

3.यह सूचित किया जाता है कि भाखेप्रा निवेश की पूर्व-परिपक्वता के मामले में किसी भी जुर्माना शुल्क का वहन नहीं करेगा और इन दरों को बिना किसी शर्त के उद्दृत किया जाए। कोटेशन में विशेष रूप से यह भी उल्लेख किया जाए कि " निवेश की पूर्व-परिपक्वता पर कोई जुर्माना शुल्क नहीं लगाया जाएगा"। निवेश रखने के लिए कोई न्यूनतम समय सीमा स्वीकार नहीं की जाएगी। निवेश हिस्सों में भी किया जा सकता है।

4.यदि एक से अधिक बैंकों द्वारा ब्याज की समान दर उद्धृत की जाती है, तो निम्नानुसर वरीयता दी जाएगी:
क) पहली वरीयता एस.बी.आई. और उसकी सहायक कंपनियों को।
ख) दूसरी वरीयता राष्ट्रीयकृत बैंकों को, जिसमें से, भारतीय यूनियन बैंक को भा.खे.प्रा. के मौजूदा बैंकर के रूप में पहली वरीयता माना जाएगा।
ग) तीसरी वरीयता अनुसूचित बैंकों को।
घ) यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती हैं कि एस.बी.आई. और उसकी सहायक कंपनियों के बीच या राष्ट्रीयकृत बैंकों बीच या अनुसूचित बैंकों के बीच एक से अधिक बैंक समान ब्याज दर का उद्दृत करते हैं, तो निवेश का जमा भा.खे.प्रा. के विवेक पर होगा।

5.आगे यह सूचित किया जाता है कि तकनीकी बिड और वाणिज्य/वित्तीय बिड को अलग कवरों एवं मुहरबंद कवरों में रखना, कवर के ऊपर तकनीकी बिड लिखकर और दोनों मोहरबंद कवरों को एक कवर में रखें और 29-09-2021 के शाम 5.00 बजे तक प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि और समय के बाद किसी भी बिड को ग्रहण नहीं किया जाएगा। मोहरबंद तकनीकी बिड्स को 30-09-2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न को निदेशक (वित्त) के कार्यालय में बिड्डुर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जाएगा।

6.बैंकों से अनुरोध है कि मोहरबंद कवर में एक सप्ताह की बैधता के साथ अपनी नवीनतम प्रतिस्पर्धी ब्याज दर भेंजे:

निदेशक (वित्त), प्रथम तल, कमार नंबर 112,
भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, पूर्वी द्वार
लोधी रोड, नई दिल्ली- 110 003
ई मेल : directorfinance.sai@gmail.com
फोन :24368387